राधे राधे श्याम से मिला दे हमको

राधे राधे श्याम से मिला दे हमको
==========================
धुन- दे दे गेड़ा
(राधे राधे ओ राधे राधे ॥)
राधे राधे, श्याम से, मिला दे हमको,
साँवरे का, दरस, करा दे हमको,,,
(राधे राधे ओ राधे राधे ॥)

शाम है ,दीवाना तेरा, सब जानते,
"तेरी हर, बात को है, कान्हा मानते" ॥
कैसे जादू, डाला ये, बता दे हमको ॥,
साँवरे का, दरस, करा दे हमको,,,
(राधे राधे ओ राधे राधे ॥)

तेरी, सरकार चले, वृंदावन में,
"तूँ ही, तो बसी है, साँवरे के मन में" ॥
मुरली की, तान, सुना दे हमको ॥,
साँवरे का, दरस, करा दे हमको,,,
(राधे राधे ओ राधे राधे ॥)

सुन के, वो नाम तेरा, दौड़ा आएगा,
"मेरा भी, काम राधे, बन जाएगा" ॥
साँवरे का, कुछ तो, बता दे हमको ॥,
साँवरे का, दरस, करा दे हमको,,,
(राधे राधे ओ राधे राधे ॥)

श्री, राधा, बरसाने वाली,
"तेरो, गुलाम, है गिरधारी" ॥
बृज, रस धार, पिला दे हमको ॥,
साँवरे का, दरस, करा दे हमको,,,
(राधे राधे ओ राधे राधे ॥)
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33777/title/RADHE-RADHE-SHYAM-SE-MILA-DE-HUMKO

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |